Padma Bhushan

SHRI CAPTAIN VIJAYAKANT (POSTHUMOUS)

Shri Captain Vijayakant was an eminent actor of the Tamil Film Industry who is widely recognized in Tamil communities across the world for his role in promoting nationalism and patriotism amongst the Tamil film viewers by means of portraying several characters that reflect the same. He was also the Founder of Desiya Murpokku Dravida Kazhagam (DMDK), a state-recognized political party based in Tamil Nadu.

2. Born on 25th August, 1952, Shri Vijayakant grew interest in cinema and displayed passion towards community and societal issues at a young age. He made his debut in the Tamil film industry in 1979 and went on to act in 154 movies till 2015. His first significant break happened with Sattam Oru Iruttarai in 1981, which went on to be remade in other languages such as Hindi, Telugu, Malayalam and Kannada.

3. Shri Vijayakant created a massive revolution in the Tamil film industry by acting in the 90's, in several roles that promoted the patriotic and nationalistic values of the country and how the society should develop the same. This earned him the title “Puratchi Kalaignar” (Revolutionary Actor) amongst the masses. He played the role of a law enforcer, police officer or a village head in several films. His film, Captain Prabhakaran (1991) earned him the moniker 'Captain' amongst the masses of Tamil Nadu.

4. Shri Vijayakant was widely known for his humanitarian efforts towards impoverished families in the State of Tamil Nadu and supporting struggling actors in Tamil cinema. His strong stance towards ensuring the food equality on film sets for all members of the cast and crew, revolutionized working standards in the Tamil film industry for years to come. As the President of the South Indian Artistes' Association, he transformed a heavily debt-ridden organization into a charitable association by conducting cultural shows and collecting funds to settle loans of the association. He used the remaining proceeds of such events in transforming the lives of artists in the Tamil film industry by ensuring several benefits and pension to low-income artistes. He was also known for his humanitarian contributions beyond the state of Tamil Nadu during the Kargil War, 2001 Gujarat Earthquake, 1999 Odisha Cyclones and the 2009 Andhra Pradesh Floods. His overwhelming contributions to art, social service and public affairs has made him an irreplaceable figure in the hearts of the people of Tamil Nadu.

5. Shri Vijayakant received numerous awards and honours including two Filmfare Awards South and three Tamil Nadu State Film Awards. He received Tamil Nadu State Film Award for Best Actor in 1988 for his performance in Senthoora Poove and his outstanding portrayal in Thayagam earned him the Tamil Nadu State Film Award Special Prize in 1996. He was also awarded with the Best Citizen Award in 2001 and the Bharat Shiromani Award for his humanitarian contributions across the nation.He was listed in the “Top 10 Legends of Tamil Cinema” announced by Filmfare in 2009. He received the prestigious Kalaimamani Award, the highest civilian honor in Tamil Nadu in 2001 and two Cinema Express Awards. In 2011, he was bestowed with the Honourary Doctorate from the International Institute of Church Management.

6. Shri Vijayakant passed away on 28th December, 2023.

श्री कैप्टन विजयकांत (मरणोपरांत)

श्री कैप्टन विजयकांत तमिल फिल्म उद्योग के एक प्रतिष्ठित अभिनेता थे जो कई पात्रों के रूप में अभिनय द्वारा तमिल फिल्म दर्शकों के बीच राष्ट्रवाद और देशभक्ति की भावना बढ़ाने के लिए पूरी दुनिया के तमिल समुदाय में सुविख्यात हैं। वह तमिलनाडु के राज्य–मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल, देसिया मुरपोक्कू द्रविड़ कड़गम (डीएमडीके) के संस्थापक भी थे।

2. 25 अगस्त, 1952 को जन्मे श्री विजयकांत की कम आयु में ही सिनेमा में रुचि उत्पन्न हुई और उन्होंने समुदाय और सामाजिक मुद्दों के प्रति गहरी उत्साह की भावना प्रदर्शित की। उन्होंने 1979 में तमिल फिल्म उद्योग में शुरुआत की और 2015 तक 154 फिल्मों में अभिनय किया। उन्हें अपनी पहली महत्वपूर्ण सफलता 1981 में सत्तम ओरु इरुट्टाराई से मिली, जिसे हिंदी, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ जैसी अन्य भाषाओं में भी बनाया गया।

3. श्री विजयकांत ने 90 के दशक में तमिल फिल्म उद्योग में ऐसी कई भूमिकाओं में अपने अभिनय द्वारा एक बड़ी क्रांति पैदा की जिन्होंने समाज में देशभक्ति पूर्ण और राष्ट्रवादी मूल्यों को बढ़ावा दिया और बताया कि इन मूल्यों को कैसे प्रोत्साहित किया जाए। इससे उन्हें जनता के बीच "पुरैची कलैगनार" (क्रांतिकारी अभिनेता) की उपाधि मिली। उन्होंने कई फिल्मों में कानून लागू करने वाले, पुलिस अधिकारी या ग्राम प्रधान की भूमिका निभाई। उनकी फिल्म, कैप्टन प्रभाकरण (1991) ने उन्हें तमिलनाडु की जनता के बीच 'कैप्टन' उपनाम दिलाया।

4. श्री विजयकांत तमिलनाडु राज्य में गरीब परिवारों के प्रति मानवीय प्रयासों और तमिल सिनेमा के संघर्षरत अभिनेताओं की सहायता के लिए सुप्रसिद्ध थे। कलाकारों और सहयोगी दल के सभी सदस्यों के लिए फिल्म सेट पर एक जैसा भोजन सुनिश्चित करने में उनके कड़े रुख ने भावी वर्षों में तमिल फिल्म उद्योग के कार्य मानकों में एक बड़ा परिवर्तन ला दिया। साउथ इंडियन आर्टिस्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष के रूप में, उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन से धन जुटाया और भारी कर्ज में डूबी एसोसिएशन का ऋण चुकाकर उसे एक धर्मार्थ संस्था में बदल दिया। उन्होंने ऐसे आयोजनों से प्राप्त बाकी धन का प्रयोग कम आय वाले कलाकारों को कई लाभ और पेंशन सुनिश्चित करने के लिए किया और तमिल फिल्म उद्योग कलाकारों का जीवन बदल दिया। उन्हें कारगिल युद्ध, 2001 में गुजरात भूकंप, 1999 में ओडिशा चक्रवात और 2009 में आंध्र प्रदेश में आई बाढ़ के दौरान तमिलनाडु राज्य से बाहर उनके मानवीय योगदान के लिए भी जाना जाता था। कला, सामाजिक सेवा और जन कार्यों में उनके प्रचुर योगदान ने उन्हें तमिलनाडु के लोगों के हृदय में एक अभिन्न विभूति बना दिया है।

5. श्री विजयकांत को कई पुरस्कार और सम्मान प्रदान किए गए जिनमें दो फिल्मफेयर पुरस्कार दक्षिण और तीन तमिलनाडु राज्य फिल्म पुरस्कार शामिल हैं। उन्हें सेंथुरा पूवे में उनके प्रदर्शन के लिए 1988 में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का तमिलनाडु राज्य फिल्म पुरस्कार और थायगम में उनके उत्कृष्ट चित्रण के लिए उन्हें 1996 में तमिलनाडु राज्य फिल्म पुरस्कार विशेष पुरस्कार मिला। उन्हें 2001 में सर्वश्रेष्ठ नागरिक पुरस्कार और पूरे देश में उनके मानवीय योगदान के लिए भारत शिरोमणि पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया। उन्हें 2009 में फिल्म फेयर द्वारा घोषित "तमिल सिनेमा के शीर्ष 10 दिग्गजों" में शामिल किया गया था। उन्हें 2001 में तमिलनाडु में सर्वोच्च नागरिक सम्मान, प्रतिष्ठित कलाइमामणि पुरस्कार और दो सिनेमा एक्सप्रेस पुरस्कार प्राप्त हुए। उन्हें 2011 में, इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ चर्च मैनेजमेंट द्वारा मानद डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गई।

6. श्री विजयकांत का 28 दिसंबर, 2023 को निधन हो गया।